




नवभारत
सतना, शनिवार 14 मार्च, 2026


# सिलेंडर की मारामारी : तेज धूप में सिलेंडर पाने कतार में उपभोक्ता

## प्रशासन कह रहा पर्याप्त है स्टॉक, खुल रही पोल, नहीं हो रही बुकिंग



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 मार्च, अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग के चलते घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत समूचे देश में शुरू हो गई है, जिससे रीवा भी अछूता नही है. गैस सिलेंडर के लिये उपभोक्ता सड़क पर कतार लगाकर खड़ा है. तेज धूप में महिला और बच्चे सिलेंडर के लिये लाइन में लगे है फिर भी सिलेंडर नही मिल रहा है.**

प्रशासन कह रहा है कि पर्याप्त स्टाक है सभी को आपूर्ति हो रही है. लेकिन मैदानी हकीकत यह है कि न तो मोबाइल से बुकिंग हो रही है और एजेंसियों के यहा सर्वर डाउन है. लिहाजा सिलेंडर के लिये उपभोक्ता परेशान है. तप्ती धूप में सिलेंडर के लिये लोग भटक रहे है. गोदाम और वितरण केन्द्र के बाहर सुबह से कतार लग जाती है.

व्यवसायिक सिलेंडर मिल नही रहे और घरेलू सिलेंडर भी लोगो के पहुंच से दूर होते जा रहे है. पुलिस और राजस्व अधिकारी सिलेंडर बटवाने के लिये मैदान में है. जिस तरह से स्टाक खत्म हो रहा है उससे लग रहा है कि आने वाले समय में सिलेंडर की किल्लत और ज्यादा होने वाली है. शुक्रवार को अजगरहा बाईपास में गैस गोदाम के बाहर एवं मैदानी गोदाम के बाहर सिलेंडर लेने लम्बी कतार लगी रही. सबसे बड़ी समस्या यह है कि सिलेंडर बुक नही हो रहे है.

### अधिकारी बंटवा रहे गैस सिलेंडर

कलेक्टर के निर्देश पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की गैस एजेंसियों व वितरण स्थल पर राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की निगरानी में गैस सिलेण्डर का वितरण किया जा रहा है. बिछिया इण्डेयन एजेंसी में गैस वितरण के दौरान अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी मौजूद रही. इसी तरह अन्य एजेंसियों में गैस वितरण को लेकर तहसीलदार, नायब तहसीलदार को तैनात किया गया है ताकि गैस वितरण में किसी तरह की दिक्कत न हो.

### कलेक्टर ने गैस वितरण को लेकर ली बैठक

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को की गयी गैस वितरण की जानकारी प्राप्त करते हुए राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों से वितरण व्यवस्था की जानकारी ली. बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि पोर्टल के माध्यम से बुक की जा रही गैस प्राप्त करने वालों की अलग लाइन लगायें तथा भीड़ वाले एजेंसी/गोदाम/वितरण स्थल में राजस्व अधिकारी अतिरिक्त टीम लगाकर व्यवस्था बनवायें. उन्होंने वितरण स्थल में लाउडस्पीकर की व्यवस्थायें सुनिश्चित कराते हुए पीने के पानी की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये. कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें. बैठक में बताया गया कि विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा सुगमता से गैस का वितरण किया गया. लोगों को होम डिलिवरी के माध्यम से गैस घर में पहुंचाई गयी.

# ऑपरेशन के बाद महिला की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

## अधीक्षक ने कहा कराएंगे जांच

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 मार्च, श्यामशाह मेडिकल कॉलेज रीवा से संबद्ध गांधी स्मारक चिकित्सालय में बुधवार की देर रात सुनीता कुशवाहा की मौत हो गई. जिसके बाद कुशवाहा परिवार के आक्रोषित लोगो ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया.**

अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चौपटहो गई है. आये दिन मौत के बाद यहा हंगामा होता है. मामले की जानकारी मिलते ही अमहिया पुलिस गांधी स्मारक चिकित्सालय पहुंची और मृत मरीज के परिजनों को घटना की उचित जांच किये जाने का आश्वासन दिया, तब कहीं जाकर परिजन शांत हुए और शव को लेकर गए. बताया जा रहा है कि सुनीता कुशवाहा पत्नी श्रीनिवास कुशवाहा निवासी करहिया थाना चोराहटा को बच्चेदानी के ऑपरेशन के लिए लगभग एक माह पूर्व गांधी स्मारक चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था जहां बुधवार की देर रात उनकी मौत हो गई. मामले के संबंध में जानकारी देते हुए मृत महिला मरीज के पति श्रीनिवास ने बताया कि ऑपरेशन के बाद उनकी स्थिति सामान्य बनी हुई थी पिछले दो-तीन दिनों से रात में अक्सर उनकी पत्नी की तकलीफ बढ़ जाती थी जिसकी जानकारी वार्ड में मौजूद डॉक्टर को देखकर उपचार के लिए गिड़गिड़ाते रहे लेकिन उपचार करने की बजाय वार्ड में मौजूद डॉक्टर सहित नर्सिंग स्टाफ रील स्क्रोल करने में लगा रहा. अस्पताल प्रबंधन के कर्मचारियों द्वारा बरती गई इस गंभीर लापरवाही के चलते उनकी पत्नी की जान चली गई. वहीं पूरे घटनाक्रम को लेकर संजय गांधी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा का कहना है कि महिला की स्थिति बड़ी क्रिटिकल थी उन्हें सुपर स्पेशलिटी के भी चिकित्सकों ने देखा था परिजनों द्वारा उपचार न कर रील स्क्रोल करने के लगाए गए आरोप बहुत गंभीर हैं पूरी घटना की जांच कराई जा रही है इसमें जो भी दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी. गांधी मेमोरियल अस्पताल में किसी महिला मरीज की मौत का यह कोई पहला मामला नही है. इसके पहले भी कई महिलाओं की मौत हो चुकी है.

## संक्षिप्त

### प्रभारी मंत्री आज रीवा में जिला कोर कमेटी की बैठक लेंगे

**रीवा,** जिले के प्रभारी मंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 14 मार्च को सर्किट हाउस में जिला कोर कमेटी की बैठक में शामिल होंगे. प्रभारी मंत्री जी का सुबह 11.30 बजे का समय आरक्षित रहेगा तदुपरांत वह दोपहर 2 बजे रीवा एयरपोर्ट से वायुयान द्वारा भोपाल रवाना हो जायेंगे.

### प्रमोद बने आप के प्रदेश प्रवक्ता

**रीवा,** आम आदमी पार्टी ने मध्यप्रदेश संगठन में विस्तार करते हुए रीवा निवासी प्रमोद कुमार शर्मा को पार्टी का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है. पार्टी के प्रदेश प्रभारी द्वारा जारी आदेश में यह जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है. नियुक्ति के बाद प्रमोद कुमार शर्मा ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके लिए केवल एक पद नहीं बल्कि मध्यप्रदेश की जनता की आवाज को मजबूती से उठाने की बड़ी जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसान, मजदूर, युवा और आम नागरिक जिन समस्याओं से जूझ रहे हैं, उन्हें मजबूती से उठाना और जनता के मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगना उनकी प्राथमिकता रहेगी. उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के सिद्धांत – ईमानदारी, पारदर्शिता और जनहित की राजनीति – को आगे बढ़ाते हुए वे प्रदेश में पार्टी की नीतियों और विचारों को जनता तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा के साथ करेंगे.

### दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

**रीवा,** शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा के समाजशास्त्र विभाग द्वारा 14-15 मार्च को दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी के निर्देशन में किया जा रहा है. संगोष्ठी का विषय 'भारतीय समाज में विविधता में एकता : राष्ट्रीय शिक्षा नीति, राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक समरसता' रखा गया है. कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र 14 मार्च को प्रात: 11 बजे आयोजित किया जाएगा. उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा विभाग, रीवा संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. आर. पी. सिंह होंगे. मुख्य वक्ता के रूप में इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय, प्रयागराज के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष सक्सेना अपने विचार प्रस्तुत करेंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी करेंगी, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सी.एम.पी. कॉलेज, प्रयागराज की प्राध्यापक डॉ. विजय लक्ष्मी सक्सेना उपस्थित रहेंगी.



### गुढ़ नगर में उप डाकघर का नवीन कार्यालय उद्घाटित

**रीवा,** गुढ़ नगर परिषद स्थित उप डाकघर के नवीन कार्यालय का उद्घाटन श्री सदन वार्ड क्रमांक 9 में उमेश कुमार गुप्ता के भवन में गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेन्द्र सिंह के कर कमलों से संपन्न हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि एडवोकेट अनंत कुमार गुप्ता ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद गुढ़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोहित शुक्ला उपस्थित रहे. इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने डाक विभाग की सेवाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि विभाग ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कर रहा है. उन्होंने विभागीय अधिकारियों से क्षेत्रवासियों को बेहतर और सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण सिंह, भाजपा मंडल महसांव के अध्यक्ष विश्वजीत चौरसिया, भाजपा मंडल गुढ़ के महामंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ला, रामायण प्रसाद मिश्रा, राम भजन साकेत, पूर्व मंडल अध्यक्ष कपूरचंद्र सोनी, आलेश पयासी, बी.के. पाण्डेय, अवधेश तिवारी उपस्थित रहे.

### दो माह का राशन एक साथ मिलेगा

**रीवा,** एनएफएसए अंतर्गत समस्त पात्र परिवारों को शासन द्वारा मार्च एवं अप्रैल माह की राशन सामग्री एक साथ वितरित कराई जा रही है. इसके लिए हितग्राही को उचित मूल्य दुकानों पर लगायी गयी पीओएस मशीन से मार्च माह के लिए तथा अप्रैल माह के लिए इस प्रकार कुल दो बार मशीन पर अपना अंगूठा लगाकर बॉयोमेट्रिक सत्यापन करना होगा. दो बार अंगूठा लगाने के बाद उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा हितग्राही को दोनो माहों की राशन सामग्री एकसाथ दी जावेगी. खाद्य नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर ने एनएफएसए अंतर्गत सभी पात्र परिवारों से अपील है कि उचित मूल्य दुकान से दो बार बॉयोमेट्रिक सत्यापन (अंगूठा लगाकर) करके अपनी मार्च एवं अप्रैल दोनो माह की पात्रतानुसार राशन सामग्री एवं मशीन से निकाली गई दो पावती भी प्राप्त करें.

# जिला स्तरीय सामूहिक विवाह-निकाह सम्मेलन आज गंगेव में

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 मार्च, मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अन्तर्गत जिला स्तरीय सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन 14 मार्च को गंगेव स्टेडियम में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है.**

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे तथा अध्यक्षता सांसद जनार्दन मिश्र करेंगे. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक सेमरिया अभय मिश्रा, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ राज तिवारी, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल तथा जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी उपस्थित रहेंगे. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं.

### उप मुख्यमंत्री आज विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 14 मार्च को सुबह 10 बजे कोर ग्रुप की बैठक में शामिल होने के उपरांत रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज में सुबह 11 बजे फेव फेस्ट 2026 समारोह में भाग लेंगे तथा दोपहर 12 बजे महाराजा मार्तण्ड सिंह जू देव व्हाइट टाइगर सफारी एण्ड जू मुकुंदपुर में रेप्टाइल हाउस का लोकार्पण करेंगे.

# चिकान टोला में दो गुटों में जमकर मारपीट, मौके पर पहुंची पुलिस

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 मार्च, रीवा शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत चिकान टोला में शुक्रवार की दोपहर दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई. घटना के दौरान कई लोगों को चोटें आई हैं वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है.**

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है. वही मामले की जांच शुरू कर दी है. घटना के संबंध में गुल मोहम्मद अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके घर में किराए की दुकान समीर अंसारी द्वारा संचालित की जाती है जहां आसीर अंसारी सामान लेने आया था. इस दौरान दोनों के बीच आपसी बातचीत हो रही थी तभी वहां से पाले खान सहित उसका एक साथी गुजरा और कहा सुनी करने लगा. देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया और वार्ड पार्षद सहित अन्य लोग बीच बचाव करने आए तो पाले खान सहित उनके साथियों ने हमला कर दिया. इस दौरान महिलाओं को भी चोटे आई हैं वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया और घायलों को अस्पताल भेजा.

### उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं के विरूद्ध एफआईआर

कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देश पर जिले के दो उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं के विरूद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज की गयी है. शासकीय उचित मूल्य दुकान लौर में निरीक्षण के दौरान कृषि उत्पाद गेंहू, चावल सहित नमक की मात्रा कम पायी गई. उचित मूल्य दुकान के विक्रेता लोकेश सिंह के विरूद्ध 9 लाख 20 हजार 660 रूपये की वसूली प्रस्तावित की गयी है. उचित मूल्य दुकान में की गयी गंभीर अनियमितता पर विक्रेता लोकेश सिंह के विरूद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गयी है. इसी प्रकार शासकीय उचित मूल्य दुकान पटपरा में 9 लाख 90 हजार 257 रूपये की वसूली किये जाने तथा कृषि उत्पाद का दुकान में कम मात्रा पाये जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया है.

# धीमी प्रगति पर सीईओ ने लगाई अधिकारियों को फटकार

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 मार्च, जिला पंचायत सभागार में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में अटल पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवन निर्माण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई.**



अटल पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवन की जनपद पंचायतवार संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच/सचिव से कार्यवार समीक्षा के दौरान सख्त निर्देश दिए गए है कि जिन भवनों के निर्माण कार्य प्रगतिरत है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर 31 मार्च तक पूर्ण कराए तथा जो भवन भूमि विवाद या भूमि उपलब्ध न होने के कारण अभी तक प्रारम्भ नही हो पाए है उनमें यदि भूमि उपलब्ध हो गई हो तो तत्काल कार्य प्रारम्भ कराया जाकर 15 अप्रैल तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें. साथ ही जिन ग्राम पंचायतों में अभी भी भूमि उपलब्ध नही हो पाई है ऐसे भवन की राशि एक सप्ताह में जिला पंचायत को वापस किए जाने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें. बैठक में संबंधित अधिकारी व सरपंच, सचिव उपस्थित रहे.

# निर्गुण समारोह 16 एवं 17 को

**रीवा, 13 मार्च,** संस्कृति विभाग द्वारा भोजपुरी साहित्य संस्कृति और कलाओं के संरक्षण, विकास एवं प्रोत्साहन के उद्देश्य से रीवा में दो दिवसीय निर्गुण समारोह का आयोजन 16 एवं 17 मार्च को किया गया है. समारोह में सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायक द्वारा व्याख्यान, गायन एवं नृत्य की प्रस्तुति दी जायेगी. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम के लिए आयुक्त नगर निगम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है.

# 47 खण्डपीठों में आज होगी प्रकरणों की सुनवाई

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 मार्च, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है.**

लोक अदालत को लेकर 47 खंडपीठ बनाई गई है जहा प्रकरणों की सुनवाई होगी. इसमें आपसी सुलह से प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा. प्रकरणों की सुनवाई के लिए 47 खण्डपीठें गठित की गयी हैं. इनमें पीठासीन अधिकारी तथा सहयोग देने के लिए सुलहकर्ता सदस्य तैनात किये गये हैं. जिला न्यायालय परिसर रीवा के साथ-साथ तहसील न्यायालय सिरमौर, त्योंथर, मनगवां, मऊगंज एवं हनुमना में भी लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है. लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला न्यायालय रीवा में खण्डपीठ क्रमांक एक में न्यायाधीश सुधीर सिंह राठौड़, खण्डपीठ क्रमांक दो में न्यायाधीश संदीप श्रीवास्तव, खण्डपीठ क्रमांक तीन में न्यायाधीश मोहित कुमार, खण्डपीठ क्रमांक चार में न्यायाधीश आशीष कुमार शुक्ला, खण्डपीठ क्रमांक पांच में न्यायाधीश शरद कुमार गुप्ता तथा खण्डपीठ क्रमांक 6 में न्यायाधीश अनुज त्यागी को तैनात किया गया है.

# मनगवां विधायक ने पेश किया दो साल का रिपोर्ट कार्ड

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 मार्च, मनगवां से भाजपा विधायक इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने जनपद कार्यालय गंगेव में अपने दो वर्ष के कार्यकाल का लेखा जोखा पत्रकारों के सामने प्रस्तुत किया.**



उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सरकार के नेतृत्व में क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी और जल संरक्षण के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम हुए हैं, जिससे मनगवां विधानसभा विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रही है. विधायक ने बताया कि पिछले दो वर्षों में क्षेत्र के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई. आवागमन को सुगम बनाने के लिए 127 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण और चौड़ीकरण किया गया, जिससे कावटोला, सिरसा, पिपरवार और सहेबा सहित कई पंचायतें मुख्य मार्ग से जुड़ गईं हैं इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 33 करोड़ रुपये की लागत से पुल-पुलिया और नाली निर्माण कार्यों को स्वीकृति मिली है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को बड़ी राहत मिलेगी. उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के मार्गदर्शन में गंगेव जनपद के हिनौती में अत्याधुनिक गोशाला निर्माण का प्रस्ताव है, जिसमें लगभग 25 हजार गौवंश के संरक्षण की व्यवस्था की जाएगी और इस परियोजना पर करीब 20 करोड़ रुपये खर्च होंगे. मनगवां नगर परिषद क्षेत्र के मलकपुर तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 15 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं. इस दौरान जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी मौजूद रहे.

# अलविदा जुमा की नमाज में अमन चैन की मांगी दुआ

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 मार्च, रमजान माह के अलविदा जुमा की नमाज 13 मार्च को अदा की गई. अगर 30 रोजे पूरे होते हैं तो अगले सप्ताह 20 मार्च को फिर से अलविदा जुमा की नमाज पढ़ी जाएगी.**

ऐसे में शनिवार 21 मार्च को ईद का त्योहार मनाया जा सकता है. हालांकि ये सब चांद दिखने के ऊपर निर्भर होगा. शहर काजी ने बताया कि रमजान के 23वें रोजे को अलविदा जुमा की नमाज सभी मस्जिदों में पूरे खुलूस के साथ अदा की गई. नमाज के बाद देश और दुनिया में अमन चैन की दुआ की गई. शहर काजी ने बताया कि अगर इस बार रमजान के 29 रोजे होते हैं, तो अगले जुमे को ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाएगा. अगर 30 रोजे मुकम्मल होते हैं, तो अगले जुमे को फिर से अलविदा जुमा की नमाज होगी, जो कि अल्लाह की तरफ से इनाम होगा. ऐसे में अगले शनिवार को ईद का त्योहार मनाया जाएगा. बाजार में खरीददारी के लिये भीड़ उमड़ने लगी है.

# संभागीय आईटीआई रीवा में रोजगार मेला 18 को

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 मार्च, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन में युवा संगम कार्यक्रम के तहत संभागीय आईटीआई रीवा में 18 मार्च को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा.**

रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. रोजगार मेले में 16 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है.

# दिन में तापमान के साथ बढ़ी गर्मी, दिन और रात के तापमान में अंतर

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 मार्च, रीवा जिले में मार्च महीने की शुरुआत के साथ ही गर्मी ने दस्तक दे दी है. होली के बाद से ही मौसम में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है और दोपहर के समय गर्मी का असर महसूस होने लगा है.**

सुबह 11 बजे के बाद धूप तेज हो जाती है, जिससे लोगों को गर्मी का अहसास होने लगा है और कई घरों में कूलर-एसपी भी चलने लगे हैं.

मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार की दोपहर रीवा में अधिकतम तापमान 36.7 डिग्री रहा. जबकि न्यूनतम तापमान 17 डिग्री रहा. वही शुक्रवार को अधिकतम तापमान 36.5 दर्ज किया गया. जबकि न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है और 15 डिग्री तापमान रहा. उत्तर-पश्चिम दिशा से हवा लगभग 8 किलो मीटर प्रति घंटे की औसत गति से चली. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार फिलहाल मौसम शुष्क बना रहेगा और किसी प्रकार की चेतावनी जारी नहीं की गई है. मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में तापमान में बड़ा बदलाव नहीं होगा, हालांकि तीन दिनों के बाद अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है.

फिलहाल दोपहर के समय तेज धूप और बढ़ती गर्मी से लोगों को राहत मिलने की संभावना कम है. लगातार धूप तेज होती जा रही है और गर्मी अपना असर दिखा रही है. उम्मीद है कि इस माह के अंत तक तापमान 40 डिग्री तक पहुंच जाएगा और गर्मी तेज होगी.